Toppersnotes®
Unleash the topper in you

# RAS

## राजस्थान प्रशासनिक सेवा

### राजस्थान लोक सेवा आयोग

### भाग - 10

## तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता

SIERRA
INNOVATIONS

# RAS

## तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता


| क्र.सं. | अध्याय नाम | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | तार्किक दक्षता (निगमनात्मक, आगमनात्मक, अपवर्तनात्मक)<br>• कथन एवं मान्यताएं<br>• कथन एवं तर्क<br>• कथन एवं निष्कर्ष<br>• कथन–कार्यवाही<br>• विश्लेषणात्मक तर्कक्षमता | 1 |
| 2. | मानसिक योग्यता<br>• संख्या / अक्षर अनुक्रम<br>• कूटवाचन (कोडिंग-डीकोडिंग)<br>• संबंधों से संबंधित समस्याएं<br>• दिशा ज्ञान परीक्षण<br>• तार्किक वेन आरेख<br>• दर्पण / पानी प्रतिबिम्ब<br>• आकार और उनके उपविभाजन | 9 |
| 3. | आधारभूत संख्यात्मक दक्षता<br>• अनुपात-समानुपात तथा साझा<br>• प्रतिशत<br>• साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज | 28 |

| | | |
|---|---|---|
| | • समतलीय चित्रों के परिमाप एवं क्षेत्र<br>• आंकडों का विश्लेषण (सारणी, दण्ड - आरेख, रेखीय आलेख, पाई- चार्ट)<br>• माध्य (समांतर, गुणोत्तर एवं हरात्मक), माध्यिका एवं बहुलक<br>• क्रमचय एवं संचय<br>• प्रायिकता (सरल समस्याएं) | |
| 4. | प्रैक्टिस प्रश्न | 54 |

# 1 CHAPTER तार्किक दक्षता

पिछले वर्ष के प्रश्न

Q.1 एक कथन के पश्चात् दो तर्क I तथा II दिये गये। हैं । कौन सा/से तर्क अधिक मजबूत है/हैं, चुनिये : (2023)

कथन: क्या ट्रेनों में सभी डीजल इंजनों को विद्युत इंजनों से बदल देना चाहिये ?

तर्क :

I. हाँ, डीजल इंजन के कारण बहुत प्रदूषण होता है।

II. नहीं, भारत घरेलू आवश्यकता को पूरी करने के लिये भी पर्याप्त बिजली का उत्पादन नहीं करता ।

(A) न तो तर्क I और ना ही तर्क II मजबूत है।

(B) दोनों तर्क मजबूत हैं ।

(C)केवल तर्क II मजबूत है ।

(D) केवल तर्क I मजबूत है।

(E)अनुत्तरित प्रश्न

Q.2 एक कथन के पश्चात् चार तर्क I, II, III और IV दिए गए हैं। कौनसा (से) तर्क अधिक मजबूत है/हैं, चुनिए (2021)

कथन: क्या मोटर साइकिल को चलाते समय चालक और पिछली सीट पर बैठे व्यक्ति दोनों के लिए हेलमेट पहनने के नियम का कठोरता से पालन करवाना चाहिए?

तर्क :

I. नहीं, प्रत्येक व्यक्ति स्वयं के जीवन की रक्षा कैसे करनी है जानता है एवं इसे उसके विवेक पर छोड़ देना चाहिए।

II. हाँ, यह नियम है और नियमों की पालना कड़ाई से सभी को करनी चाहिए।

III. हाँ, यह आवश्यक है क्योंकि सिर शरीर का सबसे संवेदनशील / नियतंत्रक अंग है, इसे हेलमेट द्वारा सुरक्षित करना चाहिए।

IV. नहीं, यह सिर की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करता है

(A) कोई तर्क मजबूत नहीं है
(B) केवल I और IV तर्क मजबूत हैं
(C) केवल II और III तर्क मजबूत हैं
(D) केवल I और II तर्क मजबूत हैं

Q.3 निम्न पर विचार कीजिये - (2018)

कथन : प्रतियोगी परीक्षाओं के बजाय क्या पूर्व अकादमिक उपलब्धियों के आधार पर सरकारी नौकरियों में भर्तियाँ होनी चाहिये

तर्क :

I. हाँ, यह उन अभ्यर्थियों के लिये लाभप्रद है जो प्रतियोगी परीक्षाओं का व्यय सहन करने में असमर्थ है

II. नहीं, भर्तियों का आधार पूर्व अकादमिक उपलब्धियों को नहीं बनाया जा सकता क्योंकि विश्वविद्यालयों के मूल्यांकन में एकसमानता नहीं है ।

निम्न में से कौन सा / कौन से तर्क मज़बूत है / हैं ?

(A) केवल I
(B) केवल II
(C) ना तो I, ना ही II
(D) दोनों I तथा II

Toppersnotes Unleash the topper in you

Q.4 एक कथन के पश्चात् दो तर्क I तथा II दिये गये। हैं । कौन सा/से तर्क अधिक मजबूत है/हैं, चुनिये : (2023)

कथन: क्या ट्रेनों में सभी डीजल इंजनों को विद्युत इंजनों से बदल देना चाहिये ?

तर्क :

III. हाँ, डीजल इंजन के कारण बहुत प्रदूषण होता है।

IV. नहीं, भारत घरेलू आवश्यकता को पूरी करने के लिये भी पर्याप्त बिजली का उत्पादन नहीं करता ।

(F) न तो तर्क I और ना ही तर्क II मजबूत है।

(G) दोनों तर्क मजबूत हैं ।

(H) केवल तर्क II मजबूत है ।

(I) केवल तर्क I मजबूत है।

(J) अनुत्तरित प्रश्न

Q.5 एक कथन के पश्चात् चार तर्क I, II, III और IV दिए गए हैं। कौनसा (से) तर्क अधिक मजबूत है/हैं, चुनिए (2021)

कथन: क्या मोटर साइकिल को चलाते समय चालक और पिछली सीट पर बैठे व्यक्ति दोनों के लिए हेलमेट पहनने के नियम का कठोरता से पालन करवाना चाहिए?

तर्क :

I. नहीं, प्रत्येक व्यक्ति स्वयं के जीवन की रक्षा कैसे करनी है जानता है एवं इसे उसके विवेक पर छोड़ देना चाहिए।

II. हाँ, यह नियम है और नियमों की पालना कड़ाई से सभी को करनी चाहिए।

III. हाँ, यह आवश्यक है क्योंकि सिर शरीर का सबसे संवेदनशील / नियतंत्रक अंग है, इसे हेलमेट द्वारा सुरक्षित करना चाहिए।

IV. नहीं, यह सिर की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करता है

(A) कोई तर्क मजबूत नहीं है

(B) केवल I और IV तर्क मजबूत हैं

(C) केवल II और III तर्क मजबूत हैं

(D) केवल I और II तर्क मजबूत हैं

Unleash the topper in you

Q.6 निम्न पर विचार कीजिये - (2018)

कथन : प्रतियोगी परीक्षाओं के बजाय क्या पूर्व अकादमिक उपलब्धियों के आधार पर सरकारी नौकरियों में भर्तियाँ होनी चाहिये ?

तर्क :

III. हाँ, यह उन अभ्यर्थियों के लिये लाभप्रद है जो प्रतियोगी परीक्षाओं का व्यय सहन करने में असमर्थ है

IV. नहीं, भर्तियों का आधार पूर्व अकादमिक उपलब्धियों को नहीं बनाया जा सकता क्योंकि विश्वविद्यालयों के मूल्यांकन में एकसमानता नहीं है ।

निम्न में से कौन सा / कौन से तर्क मज़बूत है / हैं ?

(A) केवल I

(B) केवल II

(C) ना तो I, ना ही II

(D) दोनों I तथा II

Q.7 एक कथन के पश्चात् दो पूर्वधारणायें I और II दी गई हैं । कथन और उसके पश्चात् दी गई पूर्वधारणाओं के आधार पर निर्णय कीजिए कि कौन सी पूर्वधारणा / कथन में अंतर्निहित है/हैं :

कथन : यदि इस पूरे माह में वर्षा नहीं हुई, तो इस वर्ष अधिकांश किसान संकट में पड़ जायेंगे । (2023)

पूर्वधारणायें :

I. खेती के लिए समय पर वर्षा आवश्यक है ।

II. आमतौर पर ज्यादातर किसान बारिश पर निर्भर रहते हैं ।

(A) न तो पूर्वधारणा I और ना ही पूर्वधारणा II अंतर्निहित है ।

(B) दोनों पूर्वधारणायें अंतर्निहित हैं ।

(C) केवल पूर्वधारणा II अंतर्निहित है ।

(D) केवल पूर्वधारणा I अंतर्निहित है ।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

Q.8 एक कथन के पश्चात् दो पूर्वधारणायें I और II दी गई हैं। कथन और उसके पश्चात् दी गई पूर्वधारणाओं के आधार पर निर्णय कीजिए कि कौनसी पूर्वधारणा कथन में अंतर्निहित हैं ? (2021)

कथन: ललिता के पास पुस्तकों का विशाल संग्रह है और वह अपने संग्रह में सम्मिलित करने के लिए नयी पुस्तकें खरीदती रहती हैं।

पूर्वधारणायें :

I ललिता ने जो पुस्तकें खरीदी हैं उसने वह प्रत्येक पुस्तक पढ़ी है ।

II ललिता को पुस्तकों के लिए प्यार और जुनून है।

(A) केवल I पूर्वधारणा अंतर्निहित है।

(B) केवल II पूर्वधारणा अंतर्निहित है।

(C) दोनों पूर्वधारणायें अंतर्निहित हैं

(D) न तो I पूर्वधारणा और ना ही II पूर्वधारणा अंतर्निहित है

Toppersnotes Unleash the topper in you

Q.9 इस प्रश्न में एक कथन के साथ दो परिकल्पनाएं दी गई हैं। (2018)

कथन : यद्यपि वह मोटा है फिर भी वह तेज़ दौड़ता है।

परिकल्पनाएँ :

I मोटे व्यक्तियों की माँसपेशियाँ कमज़ोर होती हैं ।

II मोटे व्यक्ति सामान्यतः तेज़ दौड़ नहीं सकते ।

कौन सा उत्तर सही है ?

(A) केवल कथन में अंतर्निहित है।

(B) केवल II कथन में अंतर्निहित है।

(C) दोनों I और II कथन में अंतर्निहित हैं।

(D) ना तो I, ना ही II कथन में अंतर्निहित है ।

Q.10 दिये गये कथन का अध्ययन कीजिये फिर निश्चित कीजिये कि तार्किक रूप से कौन सी सुझाई गई कार्यवाही / कार्यवाहियाँ अनुसरण करती है/हैं ? (2023)

कथन : मौसम विभाग ने अगले वर्ष के मानसून के दौरान कम वर्षा का अनुमान लगाते हुये एक अधिसूचना जारी की है ।

कार्यवाहियाँ:

I. सरकार को प्रभावित क्षेत्रों में जल उपलब्ध कराने के लिये प्रबंध करना चाहिये ।

II. संभावना को देखते हुये किसानों को तैयार रहने के लिये सलाह देनी चाहिये ।

(A) न तो I और ना ही II अनुसरण करती है ।
(B) I तथा II दोनों अनुसरण करती हैं ।
(C) केवल II अनुसरण करती है ।
(D) केवल I अनुसरण करती है ।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

Q.11 निम्नलिखित का अध्ययन कर प्रश्न का उत्तर दें - (2021)

कथन: पिछले कुछ हफ्तों के दौरान पेट्रोल की कीमतें बढ़ी हैं।

कार्यवाही :

I. सरकार को एक विशेषज्ञ समिति का गठन करना चाहिए जो कीमतों की प्रवृत्ति का अध्ययन करें।

II. सरकार को पेट्रोल पर तुरंत टैक्स कम कर देना चाहिए।

III. सरकार को सामान्य जनता को सलाह देनी चाहिए कुछ सप्ताह के लिए पेट्रोल खरीदने से परहेज़ करें।

निर्णय कीजिए की कौन सी कार्यवाही अनुसरण करती है।

(A) केवल I
(B) केवल II
(C) केवल III
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.12 दो कार्यवाहियों के साथ एक कथन नीचे दिया गया है। (2018)

आपको कथन की प्रत्येक चीज़ सत्य माननी है तथा कथन में दी गई सूचना के आधार पर सुनिश्चित करें कि तार्किक रूप से कौन सी दी गई कार्यवाही अनुसरण करती है ।

कथन: कम्पनी की नई भर्ती नीति के विरोध में बड़ी संख्या में कर्मचारी सामूहिक आकस्मिक अवकाश जा चुके हैं।

कार्यवाहियाँ :

I. कम्पनी को नई भर्ती नीति को तुरन्त वापस ले लेनी चाहिए।

II. इन सभी कर्मचारियों को सेवा से तुरन्त निलम्बित कर देना चाहिए ।

उत्तर दीजिये :

(A) केवल I अनुसरण करता है ।
(B) केवल II अनुसरण करता है ।
(C) ना तो I, ना ही II अनुसरण करता है ।
(D) दोनों I तथा II अनुसरण करते हैं।

Toppersnotes
Unleash the topper in you

***Statement and Conclusion***

Q.13 एक कथन के पश्चात् दो निष्कर्ष I तथा II दिये गये हैं। आप कथन में दी गई प्रत्येक जानकारी को सत्य मानते हुए दोनों निष्कर्षों पर विचार करके निर्णय कीजिये कि इनमें से तार्किक रूप से कौन सा / कौन से निष्कर्ष अनुसरण करता है / करते हैं : (2023)

कथन: पद ग्रहण करने के बाद, म्युनिसिपल आयुक्त ने नगर “A” के नागरिकों से कहा “मेरा सर्वप्रथम एवं प्रमुख कार्य इस नगर को इन्दौर की तरह सुन्दर बनाना है ।"

निष्कर्ष :

I. नगर “A” के नागरिक अपने नगर की वर्तमान दशा के बारे में जागरूक नहीं हैं ।

II. आयुक्त इंदौर में कार्य कर चुके हैं। और शहरों के सौंदर्यकरण में उनका अच्छा अनुभव है ।

(A) न तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(B) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं ।

(C) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है ।

(D) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है ।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

Q.14 एक कथन के पश्चात् दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको कथन में दी गई प्रत्येक जानकारी को सत्य मानना है, दोनों निष्कर्षों को साथ विचार करके निर्णय कीजिए कि कौनसा निष्कर्ष अनुसरण करता है। (2021)

कथन : आजकल माता-पिता अपने बच्चों में उत्तम विकास के लिए कुलीन शिक्षण संस्थाओं को कितनी भी फीस देने को तैयार रहते हैं।

निष्कर्ष :

I. माता-पिता पर अच्छे शिक्षण संस्थानों के माध्यम से अपने बच्चों के उत्तम विकास की धुन सवार है।

II. आजकल सभी माता-पिता बहुत पैसे वाले हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(C) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।

(D) न तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

***Analytical Reasoning***

Q.15 नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को दावा (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है। (2021)

दावा (A) : सही काम के लिए सही व्यक्ति का चयन सही वेतन पर चयन करने का सही दृष्टिकोण है।

कारण (R) : गलत चुना गया व्यक्ति एक दायित्व है।

उपरोक्त संदर्भ में, निम्न में से कौन सा एक सही है ?

(A) 'A' सही है लेकिन 'R' गलत है।

(B) दोनों 'A' तथा 'R' सही हैं तथा 'R', 'A' की सही व्याख्या है

(C) 'A' गलत है. लेकिन 'R' सही है।

(D) दोनों 'A' तथा 'R' सही हैं लेकिन 'R', 'A' की सही व्याख्या नहीं है

Unleash the topper in you

## ***Hint & Solution***

Q.1 तर्क 1: यह एक मजबूत तर्क है क्योंकि यह इस तथ्य पर आधारित है कि डीजल इंजन बहुत अधिक प्रदूषण का कारण बनता है।

यह तर्क महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंता को उजागर करता है।.

तर्क 2: यह कथन कमज़ोर है, हालाँकि भारत अभी सीमित बिजली का उत्पादन करता है लेकिन इसे बढ़ाया जा सकता है। यह तर्क संभावित समाधान या क्षमता में सुधार को संबोधित नहीं करता है।

इसलिए, केवल तर्क I मजबूत है।

Q.2 तर्क 1: यह कोई मजबूत तर्क नहीं है, क्योंकि सार्वजनिक सुरक्षा नियमों को अक्सर लागू करने की आवश्यकता होती है, क्योंकि व्यक्ति हमेशा अपने हित में कार्य नहीं कर सकते हैं या दूसरों की सुरक्षा पर विचार नहीं कर सकते हैं।

तर्क 2: यह एक मजबूत तर्क है। यह नियमों को लागू करने के महत्व और व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक स्थिरता पर जोर देता है।

तर्क 3 : यह एक मजबूत तर्क है क्योंकि यह नियम का एक स्पष्ट और ठोस कारण प्रदान करता है, शरीर के एक महत्वपूर्ण हिस्से की सुरक्षा के महत्व को उजागर करता है।

तर्क 4 : कमज़ोर तर्क है क्योंकि हेलमेट पूर्ण सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते, लेकिन वे सिर में चोट लगने के जोखिम को काफी हद तक कम कर देते हैं।

इसलिए, केवल तर्क II और III ही मजबूत हैं।

Q.3 तर्क 1: कमज़ोर तर्क है क्योंकि यह तर्क वित्तीय चिंता को उजागर करता है, लेकिन यह नहीं बताता कि शैक्षणिक प्रदर्शन, भर्ती के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं से बेहतर या अधिक न्यायसंगत मापदंड है या नहीं। इसके अलावा, वित्तीय चिंता को सरकारी हस्तक्षेपों से कम किया जा सकता है।

तर्क 2: मजबूत तर्क है क्योंकि यह विभिन्न विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक मूल्यांकन की मानकीकरण की कमी की महत्वपूर्ण समस्या को उजागर करता है, जो अनुचित तुलना और असंगत भर्ती मानकों का कारण बन सकती है।

Q.4 पूर्वधारणा I : यह कथन में निहित है क्योंकि कथन के अनुसार समय पर वर्षा महत्वपूर्ण है.

पूर्वधारणा II : यह कथन में निहित है क्योंकि "अधिकांश किसानों के मुसीबत में होने" का अर्थ है कि अधिकांश किसान वर्षा पर निर्भर हैं।

Q.5 पूर्वधारणा I : यह निहित नहीं है, सिर्फ़ इसलिए कि ललिता कई किताबें खरीदती है और अपने संग्रह में उन्हें जोड़ती है, इसका मतलब यह नहीं है कि उसने उन सभी को पढ़ लिया है। लोग कई कारणों से किताबें इकट्ठा कर सकते हैं, जैसे कि रुचि, भविष्य में पढ़ने की योजना या फिर शौक के तौर पर, बिना उन सभी किताबो को पढ़े।

पूर्वधारणा II : यह निहित है। इस कथन से पता चलता है कि ललिता नई किताबें खरीदना जारी रखती है ताकि वह अपनी पहले से ही बड़े संग्रह में नई किताबें जोड़ सके, जो यह दर्शाता है कि उसे किताबों में गहरी रुचि और संभवतः एक जुनून है।

Q.6 पूर्वधारणा I : निहित नहीं है। दिए गए कथन के अनुसार यह नहीं माना जा सकता कि मोटे लोगों की मांसपेशियाँ कमजोर होती हैं, क्योंकि कथनों में ऐसा कोई संबंध नहीं दिया गया है। हमें अपने विचारों पर कुछ भी अनुमान नहीं लगाना चाहिए।

Unleash the topper in you

पूर्वधारणा II : निहित, कथन में विरोधाभास निहित है, यह सुझाव देते हुए कि मोटे व्यक्ति का तेज़ दौड़ना अप्रत्याशित या असामान्य है। इसका तात्पर्य यह है कि आम तौर पर मोटे लोगों से तेज़ दौड़ने की उम्मीद नहीं की जाती है।

Q.7 I. यह कदम तर्कसंगत है क्योंकि अगर कम बारिश की उम्मीद है, तो पानी की कमी एक समस्या बन सकती है। पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकारी हस्तक्षेप से प्रभावित क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी।

II. यह कार्यवाही इसलिए भी तर्कसंगत है क्योंकि किसानों को कम वर्षा के लिए तैयार रहने की सलाह देने से उन्हें आवश्यक सावधानी बरतने और तदनुसार अपनी कृषि गतिविधियों की योजना बनाने में मदद मिलेगी।

इसलिए, I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.8 I. यह कदम तर्कसंगत है क्योंकि इसमें मूल्य वृद्धि के पीछे के कारण को समझना शामिल है, जो आगे की कार्रवाई करने से पहले एक आवश्यक कदम है। एक विशेषज्ञ समिति इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए अंतर्दृष्टि और सिफारिशें प्रदान कर सकती है।

II. मूल्य वृद्धि के अंतर्निहित कारण को समझे बिना यह कदम सबसे विवेकपूर्ण तत्काल कदम नहीं हो सकता है। कर में कटौती करने से सरकारी राजस्व पर असर पड़ सकता है और सावधानीपूर्वक विश्लेषण के बाद ही इस पर विचार किया जाना चाहिए।

III. यह कार्यवाही अव्यावहारिक है और इसके प्रभावी होने की संभावना नहीं है। जनता से पेट्रोल खरीदना बंद करने की उम्मीद करना अवास्तविक है। जो दैनिक गतिविधियों और परिवहन के लिए आवश्यक है।

इसलिए, केवल I ही अनुसरण करता है।

Q.9 I. सिर्फ इसलिए कि कर्मचारी इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, नई भर्ती नीति को वापस लेने जैसे चरम कदम उठाने से कोई मदद नहीं मिलेगी, इसलिए यह कदम उचित नहीं है।

II. यह कार्यवाही भी उचित नहीं होगी क्योंकि यह उन कर्मचारियों के खिलाफ बहुत कठोर कार्यवाही होगी जो नई भर्ती नीति के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। आपसी बातचीत के माध्यम से बीच का रास्ता खोजकर इसे सबसे बेहतर तरीके से सुलझाया जा सकता है।

इसलिए, न तो I, न ही II सही है।

Q.10 निष्कर्ष I: इस कथन से तार्किक रूप से यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। तथ्य यह है कि आयुक्त शहर को सुंदर बनाना चाहते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि लोगों को इसकी वर्तमान स्थिति के बारे में पता नहीं है।

निष्कर्ष II : इस निष्कर्ष का भी निश्चित रूप से अनुमान नहीं लगाया जा सकता। जबकि आयुक्त शहर 'ए' की तुलना इंदौर से करता है, यह जरूरी नहीं है कि यह संकेत दे कि उसे इंदौर में काम करने का पूर्व अनुभव है।

इसलिए, न तो I और न ही II अनुसरण करता है।

Q.11 निष्कर्ष I : यह निष्कर्ष कथन से तार्किक रूप से निकाला जा सकता है। किसी भी शुल्क का भुगतान करने की इच्छा यह दर्शाती है कि वे अपने बच्चों के विकास को सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत इच्छा और प्रतिबद्धता रखते हैं, जिसे जुनूनी उत्साह के रूप में समझा जा सकता है।

निष्कर्ष II : यह निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का अनुसरण नहीं करता है। जबकि कुछ माता-पिता उच्च शुल्क का भुगतान करने के लिए तैयार हो सकते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि सभी माता-पिता आर्थिक रूप से संपन्न हैं। कई

Unleash the topper in you

माता-पिता ऐसी शिक्षा का खर्च उठाने के लिए त्याग कर रहे होंगे, या केवल कुछ माता-पिता के पास भुगतान करने का साधन हो सकता है।

इसलिए, केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

Q.12 दावा (A) : यह सच है कि सही काम के लिए सही वेतन पर सही व्यक्ति का चयन करना सही दृष्टिकोण है। इससे सुचारू और कुशल कामकाज सुनिश्चित होगा।

कारण (R) : यह सत्य है क्योंकि गलत तरीके से चुना गया व्यक्ति एक दायित्व है। गलत चयन किसी कंपनी को अकुशलता के जोखिम में डाल सकता है। लेकिन इस कथन का समर्थन करने के लिए तर्क पर्याप्त नहीं है।

इसलिए, 'A' और 'R' दोनों सत्य हैं लेकिन 'R', 'A' का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

Toppersnotes
Unleash the topper in you